प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज पहली बार पहुंचे अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ : कहा– भारतीय सेना ने सटीकता के साथ किया आतंकवादियों का सफाया।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कासगंज में 724 करोड़ रुपये की 60 विकास परियोजनाओं का किया शुभारम्भ : कहा– अयोध्या और मथुरा की तरह होगा सोरों का विकास।
3. केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कुशीनगर में करीब 110 करोड़ की लागत से पांच फ्लाई ओवर का किया शिलान्यास : भगवान बुद्ध से की विश्वशांति की कामना। और
4. ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर प्रदेशभर क हनुमान मंदिरों में उमड़े भक्त : लखनऊ में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में की पूजा अर्चना।

————————

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ में कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिय पाकिस्तान में बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया करने में सफलता

हासिल की है। एक निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने सटीकता के साथ आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार किया। बाइट.....

*जैसा कि आप जानते हैं कि भारत ने पिछले आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी और सफलतापूर्वक पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों के ठिकानों पर प्रहार किया और बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया करने में कामयाबी हासिल की।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगो आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री का प्रदेश वासियों की ओर से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिये बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के स्वाभिमान और मातृशक्ति का प्रतीक है। बाइट.....

*ऑपरेशन सिंदूर भारत के स्वाभिमान का, भारत की मातृशक्ति के सिंदूर की गरिमा का और भावी पीढ़ी की सुरक्षा की गारंटी का एक प्रतीक रहा है।*

इससे पूर्व रक्षा मंत्री का लखनऊ एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार लखनऊ पहुंचने पर भारी संख्या में लोगों ने उनका अभिनंदन किया। रक्षामंत्री अमौसी से नादरगंज तक निकली तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुए।

————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के सम्मान में देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में आज प्रदेश के वन पर्यावरण, एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री के.पी. मलिक के नेतृत्व में

अमरोहा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। बदायूं जिले के सहसवान में भी हजारों लोग ने तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के शौर्य को नमन किया।

————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान में एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर–चक्र विजेता मेजर नायब सूबेदार बाना सिंह के अदम्य साहस का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट......

*जम्मू जिले के निवासी, नायब सूबेदार बाना सिंह, जनवरी 1969 में आठ जम्मू–कश्मीर लाइट इन्फेन्ट्री में भर्ती हुए थे। जून 1987 में आठ जम्मू–कश्मीर लाइट इन्फेन्ट्री को सियाचिन क्षेत्र में तैनात किया गया था। बड़ी संख्या में पाकिस्तानी घुसपैठिये इस इलाके में घुस आए थे। इन घुसपैठियों को खदेड़ना जरूरी था और इसके लिएएक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया। नायब सूबेदार बाना सिंह ने स्वेच्छा सेफोर्स में शामिल होने की पेशकश की। पाकिस्तानी घुसपैठ छह हजार पांच सौ मीटर कीऊंचाई पर हुई थी। यह जगह वस्तुतरू एक अवैध ग्लेशियर किला थी, जिसके दोनों ओर चार सौ 57 मीटर ऊंची बर्फ की दिवारें थी। नायब सूबेदार बाना सिंह अपनी टीम के साथ बेहद मुश्किल और खतरनाक रास्ते से उस जगह पहुंचते हुए, दुश्मन पर हमला किया और उसे घेर लिया। हथगोले फेंकते हुए, हमला करते हुए, उन्होंने सभी घुपैठियों को खदेड दिया। उन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व से अपनी टीम को प्रेरित किया। प्रतिकूल परिस्थितियों में असाधारण वीरता और नेतृत्व के लिए नायब सूबेदार बाना सिंह को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उनकी बहादूरी को सलाम करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कासगंज में 724 करोड़ रुपये की 60 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि सरकार कासगंज के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे अयोध्या, मथुरा और वृंदावन का विकास हो रहा है, वैसे ही सोरों का भी विकास होगा।

बाइट....

*विकास ऐसे ही बढ़ता है। शो का पर्यटन विकास होगा। पर्यटन विकास के माध्यम से जैसे आज अयोध्या का विकास हुआ है। जैसे आज मथुरा वृंदावन के समग्र विकास की एक बड़ी कार्य योजना को लेकर के हम आगे बढ़े हैं। ऐसे ही शो के विकास के कार्यक्रम को लेकर के भी हम आगे बढ़ेंगे। इसके माध्यम से कासगंज का विकास होगा।*

मुख्यमंत्री ने कासगंज में मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय की आधारशिला रखी। उन्होंने आगरा जोन द्वारा संचालित ऑपरेशन जागृति को स्मार्ट पुसिलिंग अवार्ड वुमेन सेफ्टी 2025 से पुरस्कृत किया।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा आज कुशीनगर दौरे पर पहुंचे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने लगभग एक सौ दस करोड़ रुपये की लागत से पांच फ्लाई ओवर का शिलान्यास किया। इससे पूर्व उन्होंने भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण मन्दिर में तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया और विश्व शांति की कामना की।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को राजस्थान में बीकानेर से प्रदेश के 19 स्टेशनों समेत एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। 19 स्टेशनां में उत्तर रेलवे के बिजनौर, सहारनपुर, उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज का करछना, कानपुर का गोविंदपुरी, पुखरायां, आगरा में ईदगाह जंक्शन, फतेहाबाद, गोवर्धन शामिल हैं। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि इन स्टेशनों पर विभिन्न प्रकार की सुविधाओं को विकसित किया गया है। बाइट.....

*सारे यात्री विकास के कार्य सौंदर्गीकरण के कार्य किए जा रहे हैं जैसे ट्वेल्व मीटरएफओबी का निर्माण करना पार्किंग की सुविधा विकसित करना सर्कुलेटिंग एरिया का डेवलपमेंट फसाद का डेवलपमेंट इसके अलावा बहुत सारे अन्य विकास कार्य हैं जो साइनेज बोर्ड होते हैं वो एक स्टैंडर्ड फॉर्मेट में करते हुए एक तरह के साइनेज बोर्ड का निर्माण किया जाना जिससे यात्री*

*सुविधा के साथ जो सुविधाएँ उस स्टेशन पर उपलब्ध हैं वहाँ तक पहुँच सके।*

उत्तर पूर्व रेलवे के मैलानी, गोंडा के स्वामी नारायण छपिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोला गोकर्ण नाथ स्टेशन, रामघाट हाल्ट, थावे, इज्जतनगर, बरेली सिटी, उझानी और हाथरस सिटी स्टेशन का भी अमृत भारत स्टेशन योजना क तहत उद्घाटन किया जायेगा।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त कर सिटी सेंटर के रूप में फिर से विकसित किया गया है। इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि इन स्टेशनों पर यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। बाइट....

*ये चारों स्टेशन का लोकार्पण होने जा रहा है।इन सभी में विभिन्न प्रकार की सुविधाओं को डेवलप किया गया है। ऐग्रोटिंग एरिया का सुधार हो, का इम्प्रूवमेंट हो, लाइटिंग सुधार हो, साइनेज का सुधार हो और नए टॉयलेट ब्लॉक्स भी बनाये गये हैं। प्लेटफॉर्म का विस्तारीकरण किया गया है। दिव्यांगजन की सारी सुविधाएं दी गई हैं तो इन सारी सुविधाओं के साथ ही हमारे स्टेशन एक नए रूप में निखर के आए हैं। इससे यात्रियों को पहले से कहीं बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।*

---

आज ज्येष्ठ माह का दूसरा बड़ा मंगल है। इस अवसर पर प्रदेश के हनुमान मंदिरों में पूजन और भंडारे का आयोजन हो रहा है। लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर, पुराने हनुमान मंदिर और दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर समेत अन्य

मंदिरों में सुबह से भक्तों का तांता लगा हुआ है। लखनऊ के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर आज उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पूजा अर्चना की। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना लखनऊ स्थित रविन्द्र गार्डेन में आयोजित प्रसाद वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की मंगल कामना की। गोरखपुर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुन्दरकांड पाठ कराये गये।

————————

आईपीएल क्रिकेट में आज दिल्ली में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से हो रहा है। हालांकि दोनों टीम प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

————————

प्रदेश में पीलीभीत समेत कई जनपदों में आज तेज आंधी के साथ रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले तीन दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान कई जगहों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की दर से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

————————